- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से जनगणना में शामिल होने और स्व–गणना सुविधा का उपयोग करने का आग्रह किया।**
- **आकाशवाणी से मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने नशा मुक्त युवा अभियान के लिए लोगों से मिलकर काम करने की अपील की।**
- **निवार्चन आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए एस आई आर का आदेश सर्वसम्मति से जारी किया है।**
- **आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत अंडमान–निकोबार में स्वास्थ्य सेवाओं का तेजी से हो रहा डिजिटलीकरण।**

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री ने कहा कि जनगणना का पहला चरण लगभग सभी राज्यों में पूरा हो गया है और 32 करोड़ से ज़्यादा परिवारों का आंकड़ा दर्ज किया जा चुका है। श्री मोदी ने लोगों से ऑनलाइन पोर्टल se.census.gov.in पर जानकारी देने की अपील की। अब तक 2 करोड़ 60 लाख से ज़्यादा लोगों ने मोबाइल से अपना ब्योरा दर्ज कराया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने इस साल की शुरुआत 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के साथ की। श्री मोदी ने बताया कि सोमनाथ मंदिर के साथ गुजरात के मोढेरा में सूर्य मंदिर को भी ध्वस्त कर दिया गया था। श्री मोदी ने लोगों से मोढेरा की गौरवशाली विरासत को देखने की अपील की। प्रधानमंत्री ने आगामी 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती की चर्चा करते हुए कहा कि स्वच्छता, बापू के जीवन के मार्गदर्शक सिद्धांतों में से एक है। श्री मोदी ने कहा कि इन सभी प्रयासों की शुरुआत एक व्यक्ति से होती है और दूसरे लोगों के जुड़ने से आंदोलन बढ़ता जाता है। यही जन– भागीदारी का सार है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देशभर में नशा–मुक्त युवा अभियान हाल ही में शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि नशामुक्त युवाओं और विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश के हर क्षेत्र में कोई न कोई विशेषता जरूर है। कहीं कोई खास फल है, तो कहीं कोई पारंपरिक कला और कहीं कोई खास हुनर। श्री मोदी ने अपील की कि हमारे गांव और छोटे शहरों की यह पहचान सिर्फ स्थानीय बाजार तक सीमित न रहे और ये उत्पाद दुनिया भर के बाजारों तक पहुंचें। उन्होंने त्योहारों के दौरान वोकल फॉर लोकल मंत्र को याद रखने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि सितम्बर का महीना कुपोषण से लड़ाई को समर्पित है। इस पहल के जरिए सस्ते और पौष्टिक स्थानीय खान–पान को बढ़ावा दिया जा रहा है।

<><><><><><><>

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान जिन व्यक्तियों को नोटिस जारी किए गए हैं, बूथ स्तर के अधिकारी उनके घरों से ही आवश्यक दस्तावेज एकत्र करेंगे। बीएलओ बाद में इन दस्तावेजों को ई सी आई नेट प्लेटफॉर्म पर अपलोड करेंगे। यह निर्णय नई दिल्ली में आयोग की बैठक में लिया गया। आयोग ने स्पष्ट किया कि ऐसे व्यक्तियों को मतदाता पंजीकरण अधिकारी सुनवाई के लिए नहीं बुलाएंगे। सुनवाई केवल असाधारण परिस्थितियों में ही होगी और ऑनलाइन की जाएगी। पिछले कुछ महीनों में राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी से प्राप्त सुझावों के आधार पर पोर्टल में कई अपडेट किए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए जारी विशेष गहन पुनरीक्षण का आदेश सर्वसम्मति से लिया गया था।

<><><><><><><>

लिटिल अंडमान के हटबे स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कल अल्ट्रासोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध कराई गई। यह सेवा अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के अंतर्गत अनिम्स की रेडियोलॉजिस्ट एवं वरिष्ठ रेजिडेंट चिकित्सक डॉ. सिमी सुरेंद्रन द्वारा प्रदान की गई। इस पहल का उद्देश्य लिटिल अंडमान के लोगों को समय पर विशेषज्ञ जांच की सुविधा उपलब्ध कराना था। पेट संबंधी शिकायतों, किडनी या लिवर से जुड़ी समस्याओं तथा गर्भावस्था के दौरान प्रसव–पूर्व जांच मामलों के लिए अल्ट्रासोनोग्राफी की गई। मरीजों की सुविधा के लिए मौके पर ही पंजीकरण की व्यवस्था की गई थी। इस सेवा से कुल तिरसठ मरीज लाभान्वित हुए।

<><><><><><><>

''आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन'' आज अपनी राष्ट्रीय लॉन्चिंग के पांच वर्ष पूरे कर रहा है। इसका उद्देश्य देश में एक डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है, जिससे रोगियों के स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड सुरक्षित और निर्बाध रूप से साझा किए जा सकें। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह इस डिजिटल परिवर्तन का शुरुआती दौर से ही हिस्सा रहा है। अगस्त 2020 में शुरू हुए राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन के पायलट प्रोजेक्ट के लिए चुने गए 6 केंद्र शासित प्रदेशों में अंडमान–निकोबार भी शामिल था। द्वीपों में सरकारी और निजी स्वास्थ्य सुविधाओं के पंजीकरण, ABHA आईडी निर्माण और अस्पतालों में डिजिटल प्रणालियों के उपयोग को तेजी से आगे बढ़ाया गया है। इसके तहत दक्षिण अंडमान को 'ABDM मॉडल जिला के रूप में चुना गया है। द्वीपों के अस्पतालों में स्कैन एंड शेयर और ABHA–आधारित पंजीकरण जैसी सुविधाओं से अब नागरिकों को लंबी कतारों से मुक्ति मिल रही है और पर्ची–रहित चिकित्सा सेवाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य इन डिजिटल सुविधाओं को द्वीपों के दूर–दराज के ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाकर स्वास्थ्य प्रणाली को अधिक कुशल, सुलभ और सशक्त बनाना है।

<><><><><><><>

इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस फेडरेशन द्वारा रांची एसोसिएशन सभागार में राज्यस्तरीय श्रमिक सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर INTUC के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामीनाथ जायसवाल और राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. राजेश गढ़िया के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने द्वीप समूह के कई प्रशासनिक और विभागीय प्रमुखों से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न विभागों के श्रमिकों की समस्याओं को उठाते हुए प्रशासन के समक्ष अपनी प्रमुख मांगें रखीं। विभागों के प्रमुखों ने जल्द से जल्द उचित कार्रवाई कर ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

आम जनता को सूचित किया जाता है कि स्टॉक और परिसंपत्तियों के भौतिक सत्यापन के कार्य किए जाने के चलते एनिडको के सभी पेट्रोलियम और आई एम एफ एल इकाईयां 30 सितम्बर को दोपहर एक बजे से बंद रहेगी।

<><><><><><><>